PUBLICATION NAME :	Readers Messenger
EDITION :	Lucknow
DATE :	10/10/2023
PAGE :	3

हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल ने ईडीआईआई में अमृत काल का भारत विषय पर दिया विशेष व्याख्यान

लखनऊ। हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल, श्री शिव प्रताप शुक्ला ने रविवार, 8 अक्टूबर को भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) में अमृत काल का भारत विषय पर एक विशेष व्याख्यान दिया। इस विशेष व्याख्यान का आयोजन इंडिया थिंक काउंसिल के सहयोग से भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने किया था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला, डीआईसीसीआई के संस्थापक अध्यक्ष एवं ईडीआईआई के गवर्निंग बोर्ड सदस्य डॉ. मिलिंद कांबले और इंडिया थिंक काउंसिल के निदेशक श्री सौरभ पांडे शामिल रहे।'अमृत काल के भारत में' उद्यमिता की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में, माननीय राज्यपाल, श्री शिव प्रताप शुक्ला ने कहा,, ÷भारत सिर्फ एक बाज़ार नहीं है, यह नवोन्मेष की ज़मीन है। राजकोषीय क्रांति, शिक्षा में सफलता, कराधान क्रांति, समावेशी विकास पर बल, ये भारत सरकार की कुछ विशेषताएं हैं। लोगों की बुनियादी समस्याओं को समझकर ज़मीनी स्तर तक पहुँचना और बुनियादी ज़रूरतें पूरी करना सुनिश्चित करने का भारत सरकार का कार्य बेहद सराहनीय है।